# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 13.10.2020

- **गाँधी भवन प्रेक्षागृह में आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा –07R के उपयोग पर बल दिया गया है तथा स्वच्छता अभियान दिनांक 10.10.2020 से 16.10.2020 तक को सफल बनाने के लिये की गई अपील। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं सफाई कर्मचारी को अधिक परिश्रम से कार्य करने हेतु किया गया निर्देशित।**

- आज दिनांक 13.10.2020 को गाँधी भवन प्रेक्षागृह में आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासन द्वारा आगामी त्यौहारो के दृष्टिगत एवं कोविड–19 तथा संचारी रोगो के परिपेक्ष्य में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश के कम में किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर आयुक्त महोदय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के सम्भ्रांत व्यक्तियो, विभिन्न संगठनो के पदाधिकारियो के साथ–साथ जिला एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियो एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर वासियो से 07R का पालन करने पर बल दिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा कि नगर को स्वच्छ रखने एवं स्वंय को स्वस्थ्य रखने के लिये कूड़े के प्रबन्धन को प्राथमिक स्तर पर किया जाना होगा। इसके लिये जिम्मेदार नागरिक के रूप में सभी को **मेरा कूड़ा–मेरी जिम्मेदारी** के नारे के साथ कार्य करना होगा। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय के साथ–साथ अपर नगर आयुक्त,उप नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

- शासन द्वारा इस सम्बन्ध में पूरे नगर में सफाई की समुचित व्यवस्था, नाले/ नालियो की सफाई,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,खुले में शौच मुक्ति,जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,दवा छिड़काव, विशेष प्रचार–प्रसार अभियान तथा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित कन्टेनमेन्ट जोन विशेष सेनेटाईजेशन के साथ–साथ सड़को को गढ्ढामुक्त भी किया जाना है। इस अभियान के अन्तर्गत मास्क न पहने,गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थलो पर थूकने, आदि के संबध में चालान काटने एवं उन पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जानी है। शासन के निर्देशानुसार शाहजहाँपुर नगर में नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में विशेष अभियान की कार्यवाही की जा रही है।

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार निगम में कार्यरत सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षको द्वारा अपने–अपने क्षेत्र विशेष सफाई अभियान चला जा रहा है तथा इसका पर्यवेक्षण निगम के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। अभियान के 04 दिन के अन्तर्गत प्रतिदिन सफाई की समुचित व्यवस्था, नाले/ नालियो की सफाई,शुद्ध पेयजल की व्यवस्था,खुले में शौच मुक्ति,जल निकासी की समुचित व्यवस्था ,दवा छिड़काव, विशेष प्रचार–प्रसार अभियान तथा कोविड–19 के दृष्टिगत घोषित कन्टेनमेन्ट जोन विशेष सेनेटाईजेशन के साथ–साथ सड़को को गढ्ढामुक्त की कार्यवाही की गई। इसके अन्तर्गत अब तक 08 स्थानो पर 46 मीटर में सड़क के गढ्ढे ठीक किये गये। मास्क न पहने,गंदगी फैलाने एवं सार्वजनिक स्थलो पर थूकने, आदि के संबध में अब तक 22 चालान काटे गये तथा रू0 2600 की धनराशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई। इस अभियान के अन्तर्गत 150 से अधिक पेयजल से सम्बन्धित शिकायतो यथा हैन्डपम्प की मरम्मत,पाइप लाइन लीकेज एवं जलभराव वाले स्थलो का निस्तारण किया गया।

- विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 13.10.2020 को निसरजई,काजीखेल,अलीजई, महमानशाह, अहमदपुर नियाजपुर में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 13.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।.

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
13/10/20

Generated by CamScanner